झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

18 June 2024

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 18 जून का इतिहास

- **1576 :** महाराणा प्रताप ओर मुगल साम्राज्य के शासक अकबर के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हुआ।
- **1940 :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना हुई थी।
- **1946 :** डॉ. राम मनोहर लोहिया के नेतृत्व में गोवा में पुर्तगाल शासन के खिलाफ पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ था।
- **1658 :** औरंगजेब ने आगरा के किले पर कब्जा कर लिया।
- **1956 :** हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 को पारित किया गया।

## 18 जून से संबंधित करेंट अफेयर्स

- गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य चीतों का दूसरा घर बनेगा। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य की तैयारियां पूरी कर ली गई है। दक्षिण अफ्रीका ओर केन्या की टीमों ने पहले गांधी सागर का दौरा किया था और चीता को फिर से लाने का के लिए स्थितियों का आकलन किया था। कान्हा, सतपुड़ा और संजय बाघ अभयारण्यों से शिकार जानवरों को गांधी सागर में स्थानांतरित किया गया। गांधी सागर वन्यजीव अभ्यारण्य मंदसौर जिले में है।
- भारतीय विज्ञान संस्थान के शोधकर्ताओं द्वारा भूजल से आर्सेनिक जैसे भारी धातु संदूषकों को हटाने के लिए एक नवीन उपचार प्रक्रिया विकसित की गई है। इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि हटाई गई भारी धातुओं का निपटान पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ तरीके से किया जाता है, न कि अनुपचारित भारी धातु से भरे कीचड़ को लैंडफिल में भेजा जाता है, जहां वे संभावित रूप से भूजल में फिर से प्रवेश कर सकते हैं।
- केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री बने रहेंगे और श्री अमित शाह गृह मंत्री और सहकारित मंत्री बने रहेंगे। निर्मला सीतारमण को वित मंत्री के रूप में बरकरार रखा गया है और डॉ. एस जयशंकर विदेश मंत्री बने रहेंगे। नितिन गडकरी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का कार्यभारत संभालते रहेंगे। पीयूष गोयल को फिर से वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है।
- अटल इनोवेशन मिशन और नीति आयोग ने एआईएम आईसीडीके वाटर चैलेंज 4.0 और इनोवेशन फॉर यू हैंडबुक के पांचवें संस्करण के लॉन्च की घोषणा की, जिसमें भारत के एसडीजी उद्यमियों पर प्रकाश डाला गया हैं। भारत में रॉयल डेनिश दूतावास में इनोवेशन सेंटर डेनमार्क के सहयोग से एआईएम ओपन इनोवेशन वाटर चैलेंज का चौथा संस्करण प्रस्तुत किया। चयनित टीमों के प्रतिभागी समूह कार्य, बूट कैंप सत्र, मुख्य भाषण और व्यक्तिगत परामर्श सहित हाइब्रिड नवाचार यात्रा में भागीदारी की आशा कर सकते है।
- ओमेगा-3 थेरेपी ने नवजात कृन्तकों में मस्तिष्क क्षति को कम किया हैं। शोधकर्ताओं ने कोलंबिया विश्वविद्यालय वैगेलोस कॉलेज ऑफ फिजिशियन एंड सर्जन में यह अध्ययन किया।
- जर्नल नेचर में प्रकाशित एक नए अध्ययन ने एक अलग तरह की पोर्टेबल ऑप्टिकल परमाणु घड़ी पेश की है जिसका इस्तेमाल जहाजों पर किया जा सकता हैं। यह समुद्र में स्थित सबसे ज्यादा प्रदर्शन करने वाली ऑप्टिकल घड़ी है और ऑप्टिकल टाइमकीपिंग में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करती हैं। ऑप्टिकल परमाणु घड़ियां ज्यादा सटीक होती हैं। यह दो मुख्य तरीकों से उच्च सटीकता प्राप्त करने के लिए सुसंगत प्रकाश का उपयोग करती है।
- सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने वोडाफोन आइडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी अभिजीत किशोर को नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्हें जून 2024 से प्रभावी 2024-2025 के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया हैं। भारती एयरटेल के मुख्य नियामक अधिकारी राहुल वत्स सीओएआई के उपाध्यक्ष होंगे। सीओएआई दूरसंचार, इंटरनेट, प्रौद्योगिकी और डिजिटल सेवा कंपनियों के लिए अग्रणी उद्योग निकाय है।
- भारतीय नौसेना के स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस शिवालिक ने जापान के योकोसुका पहुंचकर द्विपक्षीय जापान-भारत समुद्री अभ्यास 2024 में भाग लिया। यह जिमेक्स-24 का आठवां संस्करण है, जो 2012 में शुरू हुआ था। जापान का प्रतिनिधित्व गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर, जेएस युगिरी द्वारा किया जा रहा है। अभ्यास में बंदरगाह ओर समुद्र दोनो चरण शामिल हैं। बंदरगाह चरण में व्यावसायिक, खेल और सामाजिक संपर्क आयोजित किए जाएंगे।
- विद्युत रक्षक को आर्मी डिजाइन ब्यूरो द्वारा विकसित किया गया हैं। इसे थल सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा लांन्च किया गया। विद्युत रक्षक एक इंटरनेट ऑफ थिंग्स सक्षम प्रणाली है जिसे जनरेटर की निगरानी, सुरक्षा और नियंत्रण के लिए डिजाइन किया गया हैं।
- भारत ने विश्व आर्थिक मंच के ग्लोबल जेंडर गैप सूचकांक में दो पायदान खिसककर 129वां स्थान प्राप्त किया। आइसलैंड ने रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा, उसके बाद फिनलैंड, नॉर्वे, न्यूजीलैंड और स्वीडन का स्थान रहा। भातर आर्थिक समानता के निम्नतम स्तर वाले देशों में से एक हैं। माध्यमिक शिक्षा में नामांकन के मामले में भारत ने सबसे अच्छी लैंगिक समानता दिखाई।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. ऑटिस्टिक प्राइड दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 जून (B) 16 जून
(C) 17 जून (D) 18 जून

**(D)** हर साल 18 जून को विविधता ओर अनंत संभावनाओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए इसे मनाया जाता हैं। यह ऑटिज्म से पीड़ित रोगियों के लिए अपने परिवार या देखभाल करने वालों के साथ एक साथ आने का दिन हैं। जागरूकता, स्वीकृति और स्वायत्तता को बढ़ावा देने का दिन है।

ऑटिस्टिक प्राइड डे 18 जून




**2. हाल ही में हॉकी मेंस जूनियर वर्ल्डकप 2025 की मेजबानी कौन करेगा ?**

(A) भारत (B) श्रीलंका
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) इंडोनेशिया

**(A)** हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने घोषणा की कि भारत 2025 एफआईएच हॉकी पुरूष जूनियर विश्व कप की मेजबानी करेगा। इस टूर्नामेंट का आयोजन दिसंबर में किया जाएगा। इसका पिछला संस्करण 2023 में मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित किया गया था। पहली बार हॉकी जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी। 2023 में जर्मनी फ्रांस पर 2-1 से जीत के साथ विजेता बना।



**3. हाल ही में कौनसी राज्य सरकार महाराणा प्रताप टूरिज्म सर्किट में 100 करोड़ रूपये का निवेश करेगी ?**

(A) महाराष्ट्र (B) मध्यप्रदेश
(C) कर्नाटक (D) राजस्थान

**(D)** राजस्थान सरकार 100 करोड़ रूपये की लागत से महाराणा प्रताप पर्यटन सर्किट विकसित कर रहा हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने महाराणा प्रताप जयंती समारोह का उद्धघाटन करते हुए यह बात कही। महाराणा प्रताप ने केवल राजस्थान और भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रेरणा के स्त्रोत है।



**4. हाल ही में विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान बढ़ाकर कितने प्रतिशत कर दिया ?**

(A) 3.5% (B) 4.6%
(C) 5.5% (D) 6.6%

**(D)** भारत दुनिया की सबसे बडी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। विश्व बैंक ने अपनी जून की वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2027 के बीच इसकी विकास की गति धीमी होकर 6.7% की स्थिर औसत वार्षिक वृद्धि पर पहुंचने की उम्मीद हैं। यह पिछले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमानित 7.2% से काफी कम है।




**5. हाल ही में कौनसी यूनिवर्सिटी चोरी हुई 500 वर्ष पुरानी कांस्य मूर्ति लौटाएगी ?**

(A) ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी (B) कैंब्रिज यूनिवर्सिटी
(C) हारवर्ड यूनिवर्सिटी (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 500 साल पुरानी कांस्य मूर्ति भारत को लौटाने का ऐतिहासिक फैसला किया है, जो सांस्कृतिक कलाकृतियों को वापस लाने के चल रहे प्रयासों मे एक महत्वपूर्ण क्षण हैं। माना जाता है कि संत तिरूमंकई अलवर की इस मूर्ति को तमिलनाडु के एक मंदिर से चुरा लिया गया था और 1967 में सोथबी के नीलामी घर से ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एशमोलियन संग्रहालय द्वारा अधिग्रहित किया गया था।



**6. हाल ही में जनरल वाकर उज जमान किस देश के नए सेना प्रमुख नियुक्त हुए है?**

(A) बांग्लादेश (B) पाकिस्तान

(C) भारत (D) श्रीलंका

**(A)** हाल ही में बांग्लादेश के लेफ्टिनेंट जनरल वाकर उज जमां को तीन साल के कार्यकाल के लिए बांग्लादेश का नया सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। और वह 23 जून को कार्यभार संभालेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल जमां को कार्यभार संभालने के दिन चार सितारा जनरल के पद पद पदोन्नत किया जाएगा।




**7. हाल ही में रूस और किस देश ने सामरिक परमाणु हथियार अभ्यास का दूसरा चरण शुरू किया है ?**

(A) पोलैंड (B) लिथुआनिया

(C) इंग्लैंड (D) बेलारूस

**(D)** रूस और बेलारूस के सशस्त्र बलों ने सामरिक परमाणु हथियार अभ्यास का दूसरा चरण शुरू किया रूस और बेलारूस के सशस्त्र बलों ने सामरिक परमाणु हथियार अभ्यास का दूसरा चरण शुरू कर दिया हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि दोनो देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभ्यास किया जा रहा है।



**8. हाल ही में भारत और किस देश के बीच समुद्री अभ्यास JIMX का आठवां चरण शुरू हुआ है ?**

(A) चीन (B) जापान

(C) रूस (D) इंडोनेशिया

**(B)** हाल ही में जापान भारत समुद्री अभ्यास का 8वां संस्करण जापान के योकोसुका में शुरू हो गया हैं। जिमेक्स-24 अभ्यास की मेजबानी जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स द्वारा की जा रही हैं। जापानी नौसेना को जापान मैरी टाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स कहा जाता हैं। भारतीय नौसेना का स्वदेश निर्मित स्टील फ्रिगेट आईपीएस शिवालिक जिमेक्स-24 अभ्यास में भाग ले रहा है।



**9. हाल ही में SBICAP वेंचर्स लिमिटेड ने किसे MD&CEO नियुक्त किया है ?**

(A) प्रेम प्रभाकर (B) पूजा तोमर

(C) आशीष कुमार (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में एसबीआई कैंप वेंचर्स लिमिटेड ने प्रेम प्रभाकर को एमडी ओर सीईओ नियुक्त किया मुंबई, भारत PRNewswire/--SBICAP वेंचर्स लिमिटेड को नए प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में प्रेम प्रभाकर की नियुक्ति की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।



**10. हाल ही में भारत ओर किस देश ने स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली शुरू की है ?**

(A) फ्रांस (B) चीन

(C) UAE (D) जर्मनी

**(C)** हाल ही में भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने 14 अगस्त 2023 को स्थानीय मुद्रा निपटान तंत्र का उपयोग करके अपने पहले कच्चे तेल लेनदेन को सफलतापूर्वक निष्पादित करके एक महत्वपूर्ण व्यापार मील का पत्थर हासिल किया हैं। इस पहल का समर्थन भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूएई ने किया है।

